विक्रम संवत 2082
शनिवार, 19 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 148, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO, 05, BOTTOM

# आर्मी स्कूल और डीपीएस में होगा फाइनल

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच हुए
- चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड और एयर फोर्स स्कूल की टीम को मिली हार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस बरेली की टीमों के बीच शनिवार सुबह 9:30 बजे खेला जाएगा। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित फुटबाल मैदान में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मैच हुए।

पहला सेमीफाइनल आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड के बीच हुआ। मैच के तीसरे मिनट में ही आर्मी पब्लिक स्कूल के आयुष शर्मा ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। 19वें मिनट में चाइल्ड केयर के खिलाड़ी गोल बचाने के चक्कर में खुद पर ही गोल कर बैठे। 50वें मिनट में हर्षित साही, 55वें मिनट में आर्यन सिंह और 59वें मिनट में हर्षित साही ने गोल कर अपनी टीम को 5-0 से जीत दिला दी।


टूर्नामेंट के दौरान अतिथि को सम्मानित करते आयोजक।

दूसरा सेमीफाइनल मैच डीपीएस बरेली और एयरफोर्स स्कूल के बीच हुआ। दोनों टीमों ने एक दूसरे पर गोल करने के लिए कई बार दबाव बनाया लेकिन किसी टीम को कामयाबी नहीं मिली। मैच समाप्त होने के कुछ पहले डीपीएस के अजीज और इशांत ने 57वें और 59वें मिनट में 1-1 गोल कर 2-0 से अपनी टीम को अजेय बढ़त दिला दी। इस दौरान ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति समेत अन्य मौजूद रहे।